भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**अतारांकित प्रश्न सं.430**
दिनांक 19 नवम्बर, 2019 को उत्तर देने के लिए

**एफपीआई की स्थापना**

**430. डॉ. सुभाष सरकार:**
**श्री जी.एम.सिद्देश्वर:**
**श्रीमती लॉकेट चटर्जी:**
**श्री रामदास तडस:**
**श्री सी.पी.जोशी:**
क्या **खाद्यप्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल के बांकुरा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तर पूर्वी क्षेत्र सहित देश में कार्यरत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (एफपीआई) का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि इन उद्योगों में रोजगार पैदा करने की दृष्टि से विभिन्न राज्यों से एफपीआई स्थापित करने के प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन हैं;
(ग) यदि हां, तो इन प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की कोई नई इकाई स्थापित करने का विचार है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क):** उद्योगों के नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण, 2016-17 के अनुसार पंजीकृत प्रचालनरत खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों/फैक्टरियों की राज्य-वार संख्या **संलग्नक-I** में दी गई है ।

**(ख) से (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय केंद्रीय क्षेत्र की एक स्कीम – प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) कार्यान्वित कर रहा है जिसमें चार पुरानी स्कीमें (i) मेगा फूड पार्क; (ii) एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना (कोल्ड चेन); (iii)खाद्य संरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना (एफएसडब्लूएआई); (iv) मानव संसाधन एवं संस्थान (एचआरआई)एवं तीन नई स्कीमें (i) खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (यूनिट स्कीम); (ii)कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना (एपीसी); (iii) बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज सृजन (बीएफएल) हैं । मंत्रालय प्रायोगिक आधार पर चयनित राज्यों में टमाटर, प्याज और आलू (टीओपी) फसलों की मूल्य/आपूर्ति श्रृंखला के एकीकृत विकास हेतु नवम्बर, 2018 से पीएमकेएसवाई की वर्टीकल स्कीम के रूप में केंद्रीय क्षेत्र एक अन्य स्कीम "ऑपरेशन ग्रीन्स"भी कार्यान्वित कर रहा है , चयनित राज्यों में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं । विभिन्न राज्यों से इन स्कीमों के अंतर्गत प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं और पिछले 3 वर्षों के दौरान कुल 275 परियोजनाएं अनुमोदित की गईं हैं । पिछले 3 वर्षों के दौरान राज्य-वार और स्कीम-वार अनुमोदित की गईं परियोजनाएं **संलग्नक-II** में दर्शाई गईं हैं ।

**(ड.) और (च):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय किसी भी राज्य में अपने स्तर पर कोई भी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग/परियोजनाएं/यूनिटें स्थापित नहीं करता है । यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों/यूनिटों/परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए पीएमकेएसवाई की विभिन्न घटक स्कीमों के अंतर्गत व्यक्तियों, किसानों, उद्यमियों, संगठनों जैसे केंद्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संयुक्त उद्यमों/किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओज)/एनजीओज/सहकारिताओं/एसएचजीज/सार्वजनिक एवं निजी कंपनियों इत्यादि को अनुदान सहायता के रूप में पूंजी सब्सिडी के तौर पर वित्तीय सहायता देता है । पात्र आवेदक को वित्तीय सहायता मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के प्रत्युत्तर में दी जाती है ।

*****

**संलग्नक-I**

**एफपीआई की स्थापना के बारे में दिनांक 19.11.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं.430 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

**वर्ष 2016-17 में पंजीकृत प्रचालनरत खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों/फैक्टरियों की राज्य-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कार्यशील खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों/फैक्टरियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 4 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4702 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 29 |
| 4 | असम | 1389 |
| 5 | बिहार | 751 |
| 6 | चंडीगढ़ | 14 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1168 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 7 |
| 9 | दमन और दीव | 31 |
| 10 | दिल्ली | 140 |
| 11 | गोवा | 97 |
| 12 | गुजरात | 1745 |
| 13 | हरियाणा | 751 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 169 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख | 164 |
| 16 | झारखंड | 220 |
| 17 | कर्नाटक | 2037 |
| 18 | केरल | 1556 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 818 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2424 |
| 21 | मणिपुर | 26 |
| 22 | मेघालय | 25 |
| 23 | नागालैंड | 21 |
| 24 | ओडिशा | 1007 |
| 25 | पुदुच्चेरी | 55 |
| 26 | पंजाब | 2498 |
| 27 | राजस्थान | 821 |
| 28 | सिक्किम | 19 |
| 29 | तमिलनाडु | 4583 |
| 30 | तेलंगाना | 3443 |
| 31 | त्रिपुरा | 91 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 1752 |
| 33 | उत्तराखंड | 305 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 1849 |
| **कुल** | | **34,711** |

स्रोत: उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण

**संलग्नक-II**

**एफपीआई की स्थापना के बारे में दिनांक 19.11.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्नसं.430 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

**पिछले 3 वर्षों के दौरान पीएमकेएसवाई के अंतर्गत अनुमोदित की गईं खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या दर्शाने वाला विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एमएफपी | कोल्ड चेन | सीईएफपीपीसी (यूनिट) | कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर | बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज | ऑपरेशन ग्रीन्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 17 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 |
| 7 | गोवा | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 1 | 11 | 15 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | हरियाणा | 1 | 5 | 14 | 5 | 1 | 0 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 10 | 11 | 1 | 2 | 0 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 2 | 13 | 1 | 2 | 0 |
| **12** | **कर्नाटक** | **1** | **9** | **11** | **5** | **2** | **0** |
| 13 | केरल | 0 | 6 | 4 | 1 | 2 | 0 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 0 | 2 | 8 | 5 | 1 | 0 |
| 15 | महाराष्ट्र | 0 | 40 | 28 | 6 | 12 | 0 |
| 16 | मणिपुर | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 17 | मेघालय | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मिजोरम | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | नागालैंड | 1 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | ओडिशा | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0 |
| 21 | पुदुच्चेरी | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 22 | पंजाब | 0 | 8 | 4 | 3 | 4 | 0 |
| **23** | राजस्थान | **0** | **6** | **8** | **1** | **6** | **0** |
| 24 | सिक्किम | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | तमिलनाडु | 0 | 8 | 18 | 0 | 9 | 0 |
| 26 | तेलंगाना | 0 | 6 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| **27** | **उत्तर प्रदेश** | **2** | **17** | **18** | **2** | **4** | **0** |
| 28 | उत्तराखंड | 0 | 10 | 6 | 1 | 2 | 0 |
| **29** | **पश्चिम बंगाल** | **0** | **3** | **6** | **0** | **1** | **0** |
| | **कुल** | **7** | **166** | **180** | **39** | **61** | **2** |